**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3080 / कार्य-25 / 77 दिनांक 27-04-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :- **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर ' **बाराबंकी में डीएम का जीरों ग्राउण्ड निरीक्षण, सड़क मरम्मत में गड़बड़ी पर अधिकारियों की लगाई क्लास**' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ओहरामऊ पेयजल योजना, विकास खण्ड हैदरगढ़ में बाउण्ड्रीवाल एवं पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पाइप लाइन–90 प्रति0, शिरोपरि जलाशय –95 प्रति0 एवं 300 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराते हुए वर्तमान में योजनान्तर्गत सम्मिलित 05 मजरों में से 02 मजरों में जलापूर्ति की जा रही है, अन्य 03 मजरें पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के दूसरी तरफ होने के कारण अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है जिस हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु कुल 6830 मी0 सड़क काटी गई थी, जिसकी पुर्नस्थापना का कार्य करा दिया गया था परन्तु वर्तमान में लगभग 300मी0 रोड़ धंस गई है, जिसे शीघ्र ही पुनः बना दिया जायेगा।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री पियूष शुक्ला, सहा0अभि0।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता




# बाराबंकी में DM का ग्राउंड जीरो निरीक्षण, सड़क मरम्मत में गड़बड़ी पर अधिकारियों की लगाई क्लास

April 28, 2026 7:07 pm

KAMRAN ALVI

FOLLOW US:

SHARE:



बाराबंकी में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जल जीवन मिशन कार्यों का निरीक्षण कर सड़क मरम्मत में लापरवाही पर नाराजगी जताई।

अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए।













## सबसे ज्यादा पढ़ी गई

बाराबंकी में राजस्व विभाग का हैरतअंगेज कारनामा: गलत एंट्री से किसान की जमीन पर कब्जे का खतरा, 2 महीने से न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित

बाराबंकी को योगी सरकार की बड़ी सौगात: 702 लाख की 10 पर्यटन ... घाटों का होगा कायाकल्प; रोजगार के अवसर भी होंगे सृजित

× राजनीति

**बाराबंकी एक्सप्रेस न्यूज**
बाराबंकी की खबरों का सबसे भरोसेमन्द न्यूज पोर्टल
**www.barabankiexpress.in**

बाराबंकी, उत्तर प्रदेश | 26 अप्रैल 2026

नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम ओहरामऊ और नगर पंचायत हैदरगढ़ में पहुंचकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्मित पानी की टंकियों, पाइपलाइन कार्यों और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## ग्रामीणों से संवाद कर जानी जमीनी हकीकत

### गुणवत्ता और प्रगति का लिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर परियोजना की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और उपयोगिता का मौके पर आकलन किया।

यह भी पढ़े बाराबंकी में मामूली विवाद बना हिंसक: सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने युवक को घर में घसीटकर पीटा, गांव में तनाव; पुलिस तैनात



## सड़क मरम्मत कार्य में मिली खामियां, जताई नाराजगी

### कई स्थानों पर रेस्टोरेशन कार्य असंतोषजनक

पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों के पुनर्स्थापना कार्यों का निरीक्षण करने पर कई जगह कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए।

बाराबंकी में मामूली विवाद बना हिंसक: सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने युवक को घर में घसीटकर पीटा, गांव में तनाव; पुलिस तैनात

बाराबंकी-लखनऊ कनेक्टिविटी को योगी सरकार की बड़ी सौगात: 468 करोड़ से बनेगा 27 किमी फोरलेन आउटर, 30+ गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

बाराबंकी में DM का ग्राउंड जीरो निरीक्षण, सड़क मरम्मत में गड़बड़ी पर अधिकारियों की लगाई क्लास







